दिन–बुधवार दिनांक– 01/05/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. तीसरे और चौथे चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर। विभिन्न दलों के नेता मतदाताओं को लुभाने के लिए पुरजोर कोशिश में जुटे।

02. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा कल अररिया और मुजफ्फरपुर तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सारण और सुपौल में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

03. पूरा प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में। लगभग पैंतालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

04. और, किशनगंज के पौआखाली गांव में एक घर में खाना बनाने के दौरान सिलेंडर में हुये विस्फोट की घटना में एक महिला और उसके तीन बच्चों की मौत। दो घायल।

———————————————————————————

प्रदेश में तीसरे और चौथे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान जोरों पर है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा और रोड शो कर मतदाताओं को अपनी ओर लुभा रहे है। निर्दलीय प्रत्याशी भी अपने क्षेत्र में लगातार जनसम्पर्क अभियान चला रहे हैं।

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जब तक भाजपा का एक भी सांसद हैं तब तक अनुसूचित जाति–जनजाति और पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को नहीं हटाया जायेगा। श्री शाह आज छत्तीसगढ़ के कोरबा में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।

———बाईट———

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार संविधान में किसी प्रकार का बदलाव नहीं करेगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओबीसी कमीशन को संवैधानिक उत्तरदायित्व दिया है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने देश पर इमरजेंसी थोपा वे आज संविधान की बात कर रहे हैं।

———बाईट———

———————————————————————————

जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सुपौल और झंझारपुर लोकसभा क्षेत्रों मे एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने झंझारपुर में पार्टी प्रत्याशी रामप्रीत मंडल के समर्थन में रोड शो भी किया। श्री कुमार ने कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से बिहार विकास के पथ पर लगातार अग्रसर है। उन्होंने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों की चर्चा करते हुये कहा कि आज बिहार हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। श्री कुमार ने कहा कि उनकी सरकार मुख्य रूप से युवाओं को रोजगार देने पर काम कर रही है।

———बाईट———

इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज मधुबनी, अररिया और सहरसा में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। मधुबनी में श्री यादव ने कहा कि इस बार चुनाव के नतीजे चौंकाने वाले होंगे। उन्होंने कहा कि दो चरणों के चुनाव के बाद भाजपा घबराई हुई है। श्री यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया।

———बाईट———

———————————————————————————

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण की समाप्ति के बाद से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी घबराहट में हैं। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री पर लोगों को गुमराह करने का भी आरोप लगाया।

———बाईट———

———————————————————————————

वामपंथी दल के नेता भी अपने प्रत्याशियों के समर्थन में लगातार जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। आरा से भाकपा माले प्रत्याशी सुदामा प्रसाद के पक्ष में वामपंथी प्रगतिशील महिला एसोसिएशन, एपवा की सदस्यों ने सभा का आयोजन किया।

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री आर.के. सिंह ने कहा है कि काराकाट से निर्दलीय प्रत्याशी पवन सिंह या तो चुनाव मैदान से हट जायें या फिर पार्टी उन्हें निष्कासित करेगी। आज आरा में पत्रकारों से बातचीत में श्री सिंह ने कहा है कि यह पार्टी का फैसला है।

———————————————————————————

राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह के पुत्र और जदयू के महासचिव अजीत कुमार ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। श्री कुमार के राजद में

शामिल होने की सम्भावना जतायी जा रही है। इधर, राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व विधान पार्षद गणेश भारती ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। वहीं, राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता और तमिलनाडु के पूर्व डीजीपी करूणा सागर आज राजद की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हो गये।

————————————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल बिहार दौरे पर रहेंगे। श्री नड्डा अररिया और मुजफ्फरपुर में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वहीं, श्री राजनाथ सिंह का सारण और सुपौल लोकसभा क्षेत्र में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम है।

————————————————————————————

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात सुपौल लोकसभा सीट की। सुपौल बिहार के उन पांच संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों में से एक है, जहां तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———बाईट———

कोसी नदी के मध्य स्थित सुपौल संसदीय क्षेत्र की राजनीति और चुनावी समीकरण भी कोसी के स्वभाव से मेल खाता है। एक निश्चित समय के बाद कोसी की धारा की तरह संसदीय क्षेत्र भी नया रुख अख्तियार करता है। पिछले तीन लोकसभा चुनावों की बात करें तो मतदाताओं ने हर बार नए चेहरे को मौका दिया। इस बार जद यू ने निवर्तमान सांसद दिलेश्वर कामैत पर भरोसा जताते हुए उन्हें एक बार फिर प्रत्याशी बनाया है। उनके मुकाबले हैं राजद के चंद्रहास चौपाल। पिछली बार जद यू  उम्मीदवार का मुकाबला कांग्रेस की रंजीत रंजन से था। सुपौल लोक सभा क्षेत्र के अस्तित्व में आने के बाद यह पहला मौका है जब इस सीट पर कांग्रेस की जगह राजद का कोई उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। श्री चौपाल पिछले विधान सभा चुनाव में पहली बार सिंघेश्वर विधानसभा क्षेत्र से राजद के टिकट पर विधायक चुने गए थे।भारतीय राजस्व सेवा के पूर्व अधिकारी बैद्यनाथ मेहता भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं। भौगालिक दृष्टिकोण से देखें तो सुपौल लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें सुपौल जिले के अंतर्गत आने वाले चार विधानसभा क्षेत्रों निर्मली, पिपरा, सुपौल और त्रिवेणीगंज पर जद यू जबकि छातापुर विधानसभा क्षेत्र पर भाजपा का कब्जा है। मधेपुरा जिले के अंतर्गत आने वाला सिंघेश्वर विधानसभा क्षेत्र राजद के कब्जे में है। पिछले विधानसभा चुनाव में सिर्फ इसी सीट पर महागठबंधन को जीत मिली थी।  राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो इस बार मुख्य मुकाबला एनडीए से जदयू उम्मीदवार दिलेश्वर कामैत और इंडी गठबंधन से राजद उम्मीदवार चंद्रहास चौपाल के बीच है। वहीं निर्दलीय उम्मीदवार बैद्यनाथ मेहता भी मुकाबला को दिलचस्प बना रहे हैं। जदयू उम्मीदवार जहां केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को लेकर आम लोगों के बीच जा रहे हैं, वहीं राजद उम्मीदवार महंगाई, बेरोजगारी, कोसी के बाढ़ के स्थाई समाधान समेत अन्य स्थानीय मुद्दों को लेकर घेराबंदी करने में लगे हैं। रोचक मुकाबले में यह देखना काफी दिलचस्प होगा कि पुराने इतिहास की तरह क्षेत्र के मतदाता किसी नए चेहरे पर विश्वास जताते हैं या फिर पुराने चेहरे पर ही भरोसा कायम रखते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से मैं रविशंकर चौधरी।

————————————————————————————

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज भागलपुर, पूर्णियां, शेखपुरा और अररिया जिले में भीषण लू की स्थिति बनी रही। वहीं, पटना, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चम्पारण, सारण, गोपालगंज, बांका और नवादा जिले में भी कुछ स्थानों पर लू की स्थिति रही। अधिकांश स्थानों का अधिकतम तापमान बयालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान लगभग पैंतालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, पटना का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस

रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने बताया कि हवा के रूख में परिवर्तन होने के कारण अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

---बाईट---

---

भारतीय सूचना सेवा की वरिष्ठ अधिकारी मौसमी चक्रवर्ती ने आज आकाशवाणी समाचार के महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया। श्रीमती चक्रवर्ती को सूचना और प्रसारण मंत्रालय के कई मीडिया संगठनों में काम करने का व्यापक अनुभव है।

---

जाने माने सर्जन और पीएमसीएच के सर्जरी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर नरेंद्र प्रसाद का आज पटना में निधन हो गया। वे इक्यानवे वर्ष के थे। डॉक्टर नरेंद्र प्रसाद अखिल भारतीय सर्जन एसोसिएशन के बिहार शाखा के अध्य्क्ष भी रहे थे। चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें वर्ष दो हजार पन्द्रह में पद्‌मश्री से सम्मानित किया गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने डॉक्टर नरेन्द्र प्रसाद के निधन पर गहरा शोक जताते हुये कहा कि उनके निधन से चिकित्सा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। चिकित्सकों और समाज के गणमान्य लोगों ने भी उनके निधन पर गहरा शोक जताया है।

---

किशनगंज सदर थाना क्षेत्र अन्तर्गत पौआखाली गांव में एक घर में खाना बनाने के दौरान सिलेंडर में हुये विस्फोट के चलते एक महिला और उसके तीन बच्चों की मौत हो गयी। इस हादसे में दो लोग गम्भीर रूप से झुलस गये जिनका पूर्णियां मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। इधर, कटिहार जिले के बारसोई प्रखंड अंतर्गत मदार गाछी गांव में आग लगने से तीन सौ से अधिक घर जलकर नष्ट हो गए। इस घटना में एक महिला की भी मौत हो गई। वहीं, जिले के फलका थाना क्षेत्र अन्तर्गत भंगहा पंचायत में आग लगने से पन्द्रह घर जलकर नष्ट हो गये। दूसरी तरफ, शेखपुरा जिले के चेवाड़ा प्रखंड अंतर्गत बेलखुंडी गांव में खाना बनाने के दौरान रसोई गैस सिलेंडर में आग लग जाने से एक महिला और उसकी बेटी गम्भीर रूप से झुलस गई।

---

बेगूसराय जिले के बलिया थाना क्षेत्र के मिर्जापुर डीह गांव में अपराधियों ने अधिवक्ता विष्णु देव महतो की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि अधिवक्ता कोर्ट जाने के लिए निकल रहे थे, तभी अपराधियों ने घर घुसकर इस घटना को अंजाम दिया। इधर, इस घटना से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने सात दिनों के अन्दर अपराधियों की

गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर अदालती काम–काज के बहिष्कार की चेतावनी दी गयी है।

———————————————————————————

आज अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस है। यह दिवस पूरे विश्व में श्रमिकों के योगदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। इसे मई दिवस के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य पूरे विश्व में आर्थिक और सामाजिक अधिकारों को प्राप्त करने में श्रमिकों के समर्पण के प्रति आभार व्यक्त करना है। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने श्रमिक भाइयों और बहनों को शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर राज्य में विभिन्न संगठनों की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये गए।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. तीसरे और चौथे चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर। विभिन्न दलों के नेता मतदाताओं को लुभाने के लिए पुरजोर कोशिश में जुटे।

02. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा कल अररिया और मुजफ्फरपुर तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सारण और सुपौल में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

03. पूरा प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में। लगभग पैंतालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

04. और, किशनगंज के पौआखाली गांव में एक घर में खाना बनाने के दौरान सिलेंडर में हुये विस्फोट की घटना में एक महिला और उसके तीन बच्चों की मौत। दो घायल।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।